भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5372 का उत्तर

चिरक्कल स्थित ओल्ड स्टेशन रोड की खराब स्थिति

5372. श्री के. सुधाकरन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कन्नूर जिले में चिरक्कल स्थित ओल्ड स्टेशन रोड (अर्प्पमथोड रेलवे गेट-एलसी 246 से रेलवे फुट ओवर ब्रिज) की स्थिति बहुत खराब है और यह कन्नूर-चिरक्कल क्षेत्र में सक्रिय रूप से उपयोग की जाने वाली एकमात्र तारकोल रहित सड़क बनी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त सड़क रेलवे के अधिकारक्षेत्र में आती है, जिसके कारण स्थानीय पंचायत प्राधिकरण तारकोल लगाने/सुधार कार्य करने में असमर्थ हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को लगभग एक किलोमीटर लंबी इस सड़क की मरम्मत और सुधार के संबंध में निवासियों/स्थानीय निकायों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार उक्त सड़क में तारकोल लगाने/सुधार कार्य यथाशीघ्र करने अथवा चिरक्कल ग्राम पंचायत/ब्लॉक पंचायत को उक्त कार्य करने की अनुमति देने पर विचार कर रही है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): चिरक्कल रेलवे स्टेशन पर, यात्रियों और जनता के सुलभ और सुविधाजनक आवागमन के लिए स्टेशन भवन के दोनों ओर उचित पहुंच मार्ग पहले से ही उपलब्ध हैं।

रेलवे स्टेशन और समपार संख्या 246 भी स्टेशन भवन की ओर मौजूदा पहुंच मार्गों से जुड़े हुए हैं।

स्टेशन के दूसरी ओर, रेलपथ के किनारे रेल भूमि पर कच्चा रास्ता बना हुआ है। यह ऊपरी पैदल पुल और समपार संख्या-246 को जोड़ता है। रेलपथ के किनारे की यह खाली रेल भूमि रेलवे की परिचालनिक और अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं जैसे बहुपथन, माल ढुलाई टर्मिनल आदि के लिए रखी गई है।

******